सं. ए-12026/01/2009-प्रशा.2
भारत सरकार
योजना आयोग

योजना भवन, संसद मार्ग,
नई दिल्ली, 24 अगस्त, 2009

सेवा में,

**केन्द्र सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग।**

**विषय : योजना आयोग में प्रतिनियुक्ति के आधार पर अनुसंधान सहायक (अर्थशास्त्र)के एक पद पर नियुक्ति हेतु चयन ।**

महोदय,

मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि योजना आयोग को प्रतिनियुक्ति के आधार पर अनुसंधान सहायक के एक पद पर नियुक्ति के लिए संशोधन पूर्व वेतन मान 5000-150-8000(अब वेतन बैण्ड-2, 9300 - 34800+ ग्रेड वेतन 4200रु.) के वेतन मान में उपयुक्त कर्मचारी की सेवाओं की आवश्यकता है।

2. पात्रता शर्तो,शैक्षणिक अर्हताओं और अनुभव, पद का वेतनमान और प्रतिनियुक्ति की अवधि आदि के ब्यौरे संलग्नक -I में दिए गए हैं। केन्द्र सरकार के अधीन कार्य करने वाले कर्मचारी, जो संलग्नक-I में विनिर्दिष्ट शर्तो को पूरा करतें हैं, पर पद पर चयन हेतु विचार किया जाएगा ।

3. केन्द्र सरकार के मंत्रालयों/विभागों से अनुरोध है कि वे इस रिक्ति को अपने प्रशासनिक नियन्त्रणाधीन कार्यरत सभी इच्छुक और पात्र अधिकारियों के नोटिस में लाएं ।

4. उन अभ्यर्थियों के आवेदन मत्र जो निर्धारित शर्ते पूरी करते हों और जिन्हें चयन की सूचना प्राप्त होने के एक माह के भीतर कार्य-भार मुक्त किया जा सके,उनके आवेदन पत्र अग्रेषित कर दिए जाएं। आवेदन पत्र संलग्न प्रोफार्मा(प्रोफार्मा - ।I) में ( दो प्रतियों में) आवेदक द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षरित तथा कार्यालयाध्यक्ष अथवा हस्ताक्षर करनें के लिए उनकी ओर से प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रमाणीकृत होना चाहिए । पात्र अभ्यर्थियों के आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज भी होने चाहिएः-

(i) संबंधित आवेदक का अद्यतन गोपनीय रिपोर्ट डोजियर अथवा पिछले पांच वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों की फोटो प्रतियां जो अवर सचिव अथवा इससे उच्च स्तर के अधिकारी द्वारा विधिवत् रूप से अनुप्रमाणित हों ;

(ii) संलग्न प्रपत्र में उपसचिव अथवा इसके समकक्ष स्तर के अधिकारी द्वारा विधिवत रूप से हस्ताक्षरित सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र ;

(iii) संलग्न प्रपत्र में सतर्कता निकासी यह दर्शाते हुए कि संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कोई अनुशासनिक/आपराधिक कार्रवाई न तो लम्बित है/और न ही अवेक्षित है ;

(iv) पिछले दस वर्षों के दौरान आवेदकों पर लगाए गए मुख्य/लघु दण्डों के ब्यौरे, यदि कोई हों अथवा संलग्न प्रपत्र में "दण्ड नहीं प्रमाण पत्र ", जो भी लागू हों ।

5. केवल सतर्कता दृष्टि से सही अभ्यर्थियों के ही आवेदन पत्र अग्रेषित किए जाएं । इस रिक्ति को शीघ्र ही रोजगार समाचार में भी प्रकाशित किया जा रहा है । **योजना आयोग में आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि रोजगार समाचार में इसके प्रकाशन की तारीख से 45 दिन की होगी ।**

6. अभ्यर्थी को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन सभी दृष्टियों से पूर्ण हो और निर्धारित प्रपत्र(संलग्नक - II ) में हो । प्रपत्र का कोई भी कॉलम खाली नहीं छोड़ा जाना चाहिए । जहॉ सूचना लागू न हो अथवा शून्य हो तो इसका उल्लेख किया जाना चाहिए । केवल उपर्युक्त पैरा - 4 में उल्लिखित सभी दस्तावेजों सहित उचित माध्यम से प्राप्त पूर्ण आवेदन पर ही विचार किया जाएगा। आवेदन अवर सचिव(प्रशा.- II),योजना आयोग, कमरा सं.563, 5 वां तल,योजना भवन, संसद मार्ग, नई दिल्ली- 110001 को संबोधित किए जाएं । अंतिम तारीख के पश्चात् प्राप्त आवेदन अथवा जो निर्धारित प्रोफार्मा में नहीं हैं अथवा वे जो अपूर्ण हैं अथवा अग्रिम आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

7. इस रिक्ति परिपत्र के ब्यौरे लिंक " एप्वाइंटमेंट/जॉब्स " के अंतर्गत योजना आयोग की वेबसाइट http//planningcommission.gov.in पर भी उपलब्ध हैं ।

भवदीय,

(एन.के.शर्मा)
अवर सचिव, भारत सरकार
दूरभाषः 23096591

प्रति प्रेषितः

योजना आयोग में मानक वितरण

1. योजना आयोग में सभी नोटिस बोर्ड ।

2. निदेशक(सी एण्ड आई) योजना आयोग के (परिपत्र की सॉफ्ट प्रति सहित) हाइपर लिंक " एप्वाइंटमेंट/जॉब्स " के अन्तर्गत योजना आयोग की वैबसाइट पर इस नियुक्ति परिपत्र को अपलोड करने के अनुरोध सहित ।

( एन.के.शर्मा )
अवर सचिव,भारत सरकार

**संलग्नक - 1**

**योजना आयोग में अनुसंधान सहायक (अर्थशास्त्र)**
**के पद से संबंधित पात्रता शर्तों इत्यादि के ब्यौरे**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वेतन बैण्ड | वेतन बैण्ड-2( 9300-34800)+4200रू ग्रेड वेतन |
| 2. | वर्गीकरण | सामान्य केन्द्रीय सेवा, समूह "ख " अराजपत्रित पद गैर-मंत्रालयी |
| 3. | पदों की संख्या | 1(एक) पद प्रतिनियुक्ति आधार पर |
| 4. | पात्रता शर्ते | **प्रतिनियुक्ति हेतु**<br>केन्द्र सरकार के अधिकारी जोः-<br>(क) (i) प्रतिनियुक्ति हेतु नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हो; अथवा<br>(ii) 4500-125-7000 रूपये के संशोधन पूर्व वेतनमान में नियुक्ति के बाद लगातार ग्रेड में 3 वर्ष की नियमित सेवा अथवा;<br>(iii) 4000-100-6000 रूपये के संशोधन पूर्व वेतनमान में नियुक्ति के बाद लगातार ग्रेड में 8 वर्ष की नियमित सेवा अथवा समकक्ष; और<br>(ख) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक की डिग्री । |
| 5. | अधिकतम आयु सीमा | प्रतिनियुक्ति द्वारा नियुक्ति हेतु अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि को 56 वर्ष से अधिक न हो । |
| 6. | प्रतिनियुक्ति की अवधि | नियुक्ति शुरू में 3 वर्ष के लिए अथवा अगले आदेश होने तक, इनमें से जो भी पहले हो, की जाएगी । |
| 7. | निबंधन और शर्ते | प्रतिनियुक्ति के निबंधन और शर्ते समय - समय पर यथा -संशोधित कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के का.ज्ञा.सं. 2/29/91-स्था.(वेतन II) द्वारा शासित होंगी । |

**संलग्नक-II**

**प्रपत्र**

**प्रतिनियुक्ति आधार पर अनुसंधान सहायक (अर्थशास्त्र) के पद हेतु आवेदन पत्र( दो प्रतियों में प्रस्तुत किया जाए)**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | नाम | | | | |
| 2. | जन्म तिथि | | | | |
| 3. | अधिकारी पर लागू नियमों के अंतर्गत सेवानिवृत्ति की तारीख | | | | |
| 4. | (क) यदि वह किसी संगठित सेवा से संबंधित हैं तो उसका नाम<br>(ख) संवर्ग नियंत्रक प्राधिकरण का नाम | | | | |
| 5 | शैक्षिक अर्हताएं तथा अनुभव : | | | | |
| | निर्धारित अर्हताएं एवं अनुभव | | | अधिकारी द्वारा धारित अर्हताएं एवं अनुभव जो निर्धारित अर्हता के समकक्ष अथवा उससे उच्च हो। | |
| | टिप्पणी : यदि अधिकारी द्वारा धारित कोई शैक्षिक अर्हता निर्धारित शैक्षिक अर्हता के समतुल्य है तो, कृपया उस प्राधिकरण का उल्लेख करें। | | | | |
| 6. | कर्मचारी द्वारा लिया गया प्रशिक्षण, यदि कोई हो, जो आवेदित पद के संगत है : | | | | |
| | प्रशिक्षण कार्यक्रम का नाम | अवधि<br>से तक | संगठन जहाँ से प्रशिक्षण लिया गया | लिए गए प्रशिक्षण की प्रकृति | अभ्युक्तियां |
| | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 7. | (i) वर्तमान धारित पद<br>(ii) पूर्ण वेतनमान( वेतन बैण्ड)<br>(iii) वर्तमान वेतन<br>(iv) क्या पद नियमित अथवा तदर्थ आधार अथवा प्रतिनियुक्ति आधार पर है<br>(v) जिस तारीख से पद पर हैं<br>(एसीपी के अंतर्गत दिए गए किसी भी वित्तीय अपग्रेडेशन का विशिष्ट रूप से उल्लेख करें) | |
| 8. | यदि वर्तमान धारित पद नियमित आधार पर नहीं है :<br>(क) नियमित आधार पर धारित पद<br>(ख) वेतनमान/वेतन बैण्ड<br>(ग) किस तारीख से नियमित आधार पर हैं | |
| 9. | मूल रूप से धारित पद यदि कोई हो : | |
| 10. | क्या वर्तमान पद डीओपी एवं ए. आर. कार्यालय ज्ञापन सं. 19017/27/75-स्था. (घ) पार्ट दिनांक 7.3.1984 के संदर्भ में सदृश पद है। | |
| 11. | सेवा के ब्यौरे (कालानुक्रम में नवीनतम पहले) | |

| पदनाम | नियोक्ता | अवधि<br>से तक | वेतनमान | कार्यों की प्रकृति |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 12. | (i) पिन कोड संख्या सहित वर्तमान डाक पता<br>(ii) दूरभाष सं. कार्यालय<br>आवास<br>मोबाइल | |
| 13. | क्या अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति से संबंधित हैं | |
| 14. | कोई अन्य संगत सूचना | |

उम्मीदवार के हस्ताक्षर

सं. ..................................

(1) उपर्युक्त प्रविष्टियां कार्यालय में उपलब्ध अभिलेखों से सत्यापित कर ली गई हैं और सही पाई गई हैं।

(2) योजना आयोग में अनुसन्धान सहायक(अर्थशास्त्र) के पद पर चयन होने पर अभ्यर्थी को परिणाम की सूचना प्राप्त होने के एक माह के भीतर कार्यमुक्त कर दिया जाएगा ।

(3) निर्धारित प्रपत्र में सत्य निष्ठा प्रमाण पत्र,सतर्कता निकासी और मुख्य/लघु दण्ड नहीं प्रमाण-पत्र संलग्न कर दिया गया है ।

हस्ताक्षर..............................
नाम..................................
(कार्यालय की मुहर)

प्रतिनियुक्ति आधार पर आवेदन करने वाले आवेदकों के आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले अपेक्षित विभिन्न प्रमाणपत्रों का प्रपत्र

**सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र**

वार्षिक गोपनीय रिपोर्टों की जांच करने के उपरान्त यह प्रमाणित किया जाता है कि डा0/श्री/श्रीमती/सुश्री...................................... जिन्होंने प्रतिनियुक्ति आधार पर योजना आयोग में अनुसंधान सहायक (अर्थशास्त्र) के पद हेतु आवेदन किया है, की सत्यनिष्ठा मे कोई संदेह नही है ।

(उपसचिव अथवा इससे उच्च स्तर के अधिकारी के हस्ताक्षर)

नाम व कार्यालय मुहरः

दिनांक

**सतर्कता निकासी प्रमाणपत्र**

प्रमाणित किया जाता है कि डा0/श्री/श्रीमती/सुश्री...................................... जिन्होंने प्रतिनियुक्ति आधार पर योजना आयोग में अनुसंधान सहायक (अर्थशास्त्र) के पद हेतु आवेदन किया है, के विरुद्ध कोई अनुशासनिक/आपराधिक कार्रवाई न तो लंबित है अथवा अवेक्षित है ।

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)
नाम व कार्यालय मुहरः
दिनांकः

## दण्ड नहीं प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि डा0/श्री/श्रीमती/सुश्री....................................... जिन्होंने प्रतिनियुक्ति आधार पर योजना आयोग में अनुसंधान सहायक (अर्थशास्त्र) के पद हेतु आवेदन किया है, के विरुद्ध पिछले दस सालों के दौरान कोई लघु/मुख्य दण्ड नहीं लगाया गया है ।

(प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता)

नाम व कार्यालय मुहरः

दिनांकः